दिनांकः 25.03.2026 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- पश्चिम एशिया मुद्दे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में संसद भवन परिसर में सर्वदलीय बैठक जारीं
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विभिन्न केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर प्रदेश से जुड़ी परियोजनाओं के बारे में चर्चा कीं
- प्रदेश में एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र से पहले आज सभी सरकारी स्कूलों मेगा पीटीएम का आयोजनं
- आकाशवाणी कल से अपने सुबह के प्रसारण की शुरुआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम के पूरे संस्करण से करेगां

..................................................................

पश्चिम एशिया मुद्दे पर सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक संसद भवन परिसर में चल रही हैं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू मौजूद हैं यह बैठक पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच हो रही है, जिसने महत्वपूर्ण समुद्री गलियारों को बाधित कर दिया है और खाड़ी देशों में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं

..................................................................

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में 26 करोड़ टन कच्चे तेल के शोधन की क्षमता हैं पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रम पर आज नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेन्स में ये जानकारी दीं उन्होंने बताया कि देशभर में किसी भी तरह के पेट्रोलियम उत्पादों के दाम नहीं बढ़ाये गये हैं

..................................................................

पीएनजी विस्तार के बारे में उन्होंने कहा कि सरकार इस पर ध्यान दे रही है और कल इस संबंध में गजट अधिसूचना जारी की गई हैं इसका उद्देश्य सभी राज्यों में पीएनजी कनेक्शन संबंधी आवेदन शुल्क और स्वीकृत समय–सीमा को व्यवस्थित करना हैं उन्होंने कहा कि पिछले 25 दिनों में लगभग ढाई लाख नये पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं इसके अलावा करीब दो लाख बीस हजार उपभोक्ताओं ने एल पी जी से बदलकर पीएनजी कनेक्शन लिये हैं

..................................................................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज दिल्ली के दौरे पर हैं श्री शर्मा ने आज संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात कीं श्री शर्मा ने इस मुलाकात में प्रधानमंत्री श्री मोदी से विकसित राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा कीं इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार की योजनाओं और नीतियों के सफल क्रियान्वयन से राजस्थान विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां को छू रहा हैं मुख्यमंत्री ने शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भी मुलाकात की तथा प्रदेश में शहरी विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं तथा परियोजनाओं के बारे में चर्चा कीं आज दोपहर श्री शर्मा ने केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू से भी भेंट कीं इस दौरान दोनों नेताओं के बीच जयपुर एयर पोर्ट पर नये टर्मिनल भवन के निर्माण, भरतपुर, डीग, सीकर और झुंझुनूं में नये हवाई अडड्ों के अलावा भानपुर तथा बांसवाड़ा जैसे महत्वपूर्ण स्थानों को हवाई सम्पर्क से जोड़ने पर चर्चा हुईं

..................................................................

राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े ने आज जयपुर में हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कियां उन्होंने विद्यार्थियों से पत्रकारिता के भारतीय अतीत और गौरवमय ज्ञान–परंपरा से जुड़ने का आह्वान कियां राज्यपाल ने कहा कि समाचार के साथ विचार–संस्कृति का भी विकास होना चाहिए और पत्रकारिता के मूल्यों को बनाए रखना आवश्यक हैं
इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विद्यार्थियों को सबसे पहले की बजाय सबसे सही खबर देने की सीख दीं वहीं, उपमुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा को पत्रकारिता का मूल आधार बताया और विद्यार्थियों से देश निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह कियां समारोह में वर्ष 2024 और 2025 के कुल 271 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं इनमें से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 छात्र–छात्राओं को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गयां

……………………………………………………

प्रदेश में एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र से पहले आज सभी सरकारी स्कूलों मेगा पीटीएम का आयोजन किया गयां इस दौरान बड़ी संख्या में अभिभावक विद्यालयों में पहुंचे और अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी प्राप्त कीं इन पीटीएम में विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम, सह–शैक्षिक गतिविधियों में प्रदर्शन और आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई कार्यक्रम के स्कूलों में विभिन्न आयोजन हुए कहीं नव प्रवेशित बच्चों का रोली–कुमकुम से स्वागत किया गया, तो कहीं उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया गयां कई स्थानों पर बच्चों को पुस्तकें भेंट कर उनके उत्साह और आत्मविश्वास को बढ़ाया गयां इस अवसर पर शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर भी विभिन्न विद्यालयों में पहुंचें उन्होंने अभिभावकों से संवाद किया और विद्यालय व्यवस्थाओं का जायजा लियां

……………………………………………………

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि देश में कोविड के बाद एक हजार से ज्यादा नई रेलगाड़ियां चलाई गई हैं लोकसभा में आज पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि इसके साथ ही मौजूदा रेलगाडियों में साढ़े चार हजार से अधिक नए कोच भी जोड़े गए हैं श्री वैष्णव ने बताया कि रेलवे ने टिकट बुकिंग में धोखाधडी रोकने के लिए विभिन्न उपाय किये हैं

……………………………………………………

रेलमंत्री श्री वैष्णव ने कहा कि सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिए जाने के कारण रेल दुर्घटनाओं में कमी आई हैं

……………………………………………………

संस्कृति मंत्रालय ने आज यू–ट्यूब के साथ एक समझौता किया हैं इसका उद्देश्य डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग करके दुनियाभर में भारत की समृद्ध और विविध संगीत परम्परा का प्रसार करना हैं इस अवसर पर संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि देश की सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करने और वैश्विक स्तर पर पारम्परिक लोक और जनजातीय संगीत को बढावा देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम हैं श्री शेखावत ने कहा कि यह पहल वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं

……………………………………………………

आकाशवाणी कल से अपने सुबह के प्रसारण की शुरुआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम के पूरे संस्करण से करेगां आज़ादी के बाद से ही आकाशवाणी स्टेशनों की यह परंपरा रही है कि वे अपने सुबह के प्रसारण की शुरुआत राष्ट्रगीत की प्रतिष्ठित धुन से करते हैं इसके बाद वंदे मातरम के दो श्लोकों का प्रसारण किया जाता हैं सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा कि गृह मंत्रालय के हालिया दिशा–निर्देश में राष्ट्रगीत के छह श्लोकों को शामिल किया गया हैं

……………………………………………………

प्रदेश में हाल की बारिश के कारण अधिकतर स्थानों पर तापमान अब भी सामान्य से नीचे दर्ज हो रहा हैं दिन का तापमान 30 से 35 डिग्री, वहीं रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आस–पास दर्ज किया जा रहा हैं मौसम विभाग ने कल और परसों सीमावर्ती क्षेत्रों और शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई हैं 28 से 30 मार्च के बीच एक नया पश्चिमी विक्षोभ राज्य के कुछ भागों में सक्रिय होने से मेघगर्जन के साथ तेज आंधी–बारिश

होने की संभावना हैं मौसम केंद्र जयपुर ने कहा है कि 28 मार्च को जोधपुर, बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में आंधी–बारिश के आसार हैं 29 तथा 30 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ का असर ज्यादा रहेगा और कई जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश होने की संभावना हैं मौसम विभाग ने पक कर तैयार फसलों, कृषि मंडियों और धान मंडियों में खुले में रखे हुए अनाज और जिंसों को ढककर रखने या सुरक्षित स्थान पर भंडारण करने की सलाह दी हैं

..............................................................

प्रदेश में डिजिटल डेटा की सुरक्षा को लेकर गंभीर चेतावनी जारी की गई हैं इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के अवलोकनों के बाद सामने आया है कि साइबर अपराधी अब विशेष रूप से उन संस्थानों को निशाना बना रहे हैं, जो नेटवर्क अटैच्ड स्टोरेज–एन.ए.एस. उपकरणों का उपयोग करते हैं इनमें चार्टर्ड अकाउंटेंसी फर्में, कंसल्टिंग एजेंसियां, अस्पताल, आईटी और मीडिया क्षेत्र से जुड़े पेशेवर और शैक्षणिक संस्थान शामिल हैं पुलिस उपमहानिरीक्षक साइबर क्राइम शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि साइबर हमलावरों का तरीका बेहद शातिराना हैं ये अपराधी इंटरनेट पर असुरक्षित या ओपन एन.ए.एस. सिस्टम की पहचान करते हैं कमजोर पासवर्ड या पुराने सॉफ्टवेयर का फायदा उठाकर वे सिस्टम में अनधिकृत प्रवेश करते हैं और संस्थान के महत्वपूर्ण डेटा को कॉपी या एन्क्रिप्ट (स्वबा) कर देते हैं इसके बाद संवेदनशील जानकारी को सार्वजनिक करने की धमकी देकर भारी फिरौती की मांग की जाती है, जिससे संस्थान अपने ही डेटा तक पहुँचने में असमर्थ हो जाता हैं

..............................................................